दैनिक जागरण
19-02-2026

स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में गौरव ने पाया प्रथम स्थान

जीएमएन कालेज में प्रतियोगिता के दौरान शामिल प्रतिभागी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला ● (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के पंजाबी विभाग द्वारा आयोजित स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में एमकाम प्रथम वर्ष के छात्र गौरव भारद्वाज ने प्रथम स्थान हासिल किया। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र कुलविंदर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन कौर ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को भाषा और साहित्यिक कौशल में निपुण बनाती हैं, साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को समझने का अवसर भी प्रदान करती हैं। पंजाबी विभागाध्यक्ष रजविंदर कौर ने विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने पर जोर दिया।